पंजाब केसरी 01/11/2025

# पाणिनि पर आधारित भाषा व्याकरण विषय पर हुई ऑनलाइन कार्यशाला

अम्बाला, 31 अक्तूबर ( बलराम ): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के लैंग्वेज क्लब द्वारा संस्कृत विभाग व भारतीय ज्ञान परम्परा क्लब के सहयोग से शुक्रवार को 'पाणिनि पर आधारित भाषा व्याकरण' विषय पर एक ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला के मुख्य वक्ता डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज पिहोवा के पूर्व प्राचार्य डॉ. कामदेव झा ने पाणिनि की व्याकरण परंपरा तथा संस्कृत भाषा की संरचना और वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ. अनीश, प्रो. प्रियंका बालदिया, प्रो. कमलप्रीत कौर, प्रो. महक, प्रो. हर्षिता और प्रो. राजेंद्र मीड़वाल लांबा की अहम भूमिका रही। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने इस सामूहिक प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल भारतीय भाषाई परंपरा को समझने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



'पाणिनि पर आधारित भाषा व्याकरण' विषय पर आयोजित ऑनलाइन कार्यशाला में भाग लेते वक्ता। (चंद्रमोहन)